2. राज्य एवं राष्ट्र की आय

1. भारत में किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है?

[2021 (A) (F.S.), 2015 (A), 2017 (A)]

(A) बिहार (B) पंजाब

(C) हरियाणा (D) गोवा [उत्तर : (D)]

2. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौन करता है? [2021 (A) (S.S.)]

(A) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)

(B) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(C) वित्त विभाग

(D) राष्ट्रीय विकास परिषद [उत्तर : (A)]

3. भारत की राष्ट्रीय आय का सर्वप्रथम अनुमान किसने लगाया?

[2021 (A) (S.S.)]

(A) प्रो॰ देशमुख ने (B) जवाहरलाल नेहरू ने

(C) प्रो॰ महालनोबिस ने (D) दादाभाई नौरोजी ने [उत्तर : (D)]

4. भारत में वित्तीय वर्ष कहा जाता है [2020 (A), 2019 ((A)]

(A) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक

(B) 1 जुलाई से 30 जून तक

(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
(D) 1 सितंबर से 31 अगस्त तक [उत्तर : (C)]

5. बिहार के किस जिले की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है? [2017 (A), 2018 (A), 2019 (C)]
(A) पटना (B) गया
(C) शिवहर (D) नालंदा [उत्तर : (A)]

6. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना के सर्वमान्य प्रमाणित संस्था है
(A) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन
(B) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
(C) केन्द्रीय योजना आयोग
(D) भारतीय रिजर्व बैंक [उत्तर : (A)]

7. राष्ट्रीय आय का सृजन होता है
(A) उपभोग द्वारा (B) उत्पादक क्रियाओं द्वारा
(C) वितरण द्वारा (D) विनिमय द्वारा [उत्तर : (B)]

8. पूरे भारत में सबसे कम प्रतिव्यक्ति आय वाला राज्य है
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
(C) झारखंड (D) पश्चिम बंगाल [उत्तर : (B)]

9. राष्ट्रीय आय में सम्मिलित रहती है
(A) घरेलू उद्योगों की आय (B) विदेशों से प्राप्त आय
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (C)]

10. दादाभाई नौरोजी के अनुसार, 1868 में भारत की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय थी
(A) 20 रुपये (B) 25 रुपये
(C) 30 रुपये (D) 50 रुपये [उत्तर : (A)]

11. राष्ट्रीय आय का अर्थ है
(A) सरकार की आय (B) पारिवारिक आय
(C) सार्वजनिक उपक्रमों की आय
(D) उत्पादन के साधनों की आय [उत्तर : (D)]

12. किसी राज्य के नागरिकों का जीवन-स्तर निर्भर करता है
(A) सकल राज्य घरेलू उत्पाद पर
(B) शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद पर
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (B)]

13. 2012–13 में भारत की प्रतिव्यक्ति औसत आय थी
(A) 49,489 रुपये (B) 41,964 रुपये
(C) 59,822 रुपये (D) 68,757 रुपये [उत्तर : (D)]

14. "वास्तविक राष्ट्रीय आय वार्षिक शुद्ध उत्पादन का वह भाग है जिसका उस वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से उपभोग किया जाता है।" राष्ट्रीय आय की यह परिभाषा किसने दी है?
(A) मार्शल ने (B) पीगू ने
(C) फिशर ने (D) इनमें कोई नहीं [उत्तर : (D)]

15. राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने से प्रतिव्यक्ति आय में होती है
(A) कमी (B) वृद्धि
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (B)]

16. राष्ट्रीय एवं प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि होने से ······ की क्रिया पूरी होती है।
(A) विकास (B) ह्रास
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (A)]

17. उत्पादन, आय एवं ······ एक चक्रीय प्रवाह का निर्माण करते हैं।
(A) कमी (B) व्यय
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (B)]

18. राज्य घरेलू उत्पाद का आकलन किया जाता है
(A) वर्तमान मूल्यों पर (B) स्थिर मूल्यों पर
(C) 'A' एवं 'B' दोनों (D) इनमें से कोई नहीं [उत्तर : (C)]

19. बिहार की आय में सर्वाधिक योगदान होता है
(A) औद्योगिक क्षेत्र का (B) कृषि क्षेत्र का
(C) सेवा क्षेत्र का (D) इनमें कोई नहीं [उत्तर : (C)]

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

20. बिहार में किस जिले की प्रतिव्यक्ति आय सबसे कम है?
(A) रोहतास की (B) नालंदा की
(C) सीवान की (D) शिवहर की [उत्तर : (D)]

21. उत्पादन एवं आय-गणना विधि आर्थिक दृष्टिकोण से है
(A) सहज (B) वैज्ञानिक
(C) व्यावहारिक (D) उपर्युक्त सभी [उत्तर : (D)]

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com